जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा–2/गोपनीय/2012/1189 दिनांक : 11/06/2012

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

विषयः–बी0कॉम0/बी0एस–सी0 (होमसाइंस)/बी0ए0/बी0एस0सी0 चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून 2012 में तृतीय सेमेस्टर के रोके गये परीक्षा परिणामों के विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांर्तगत बी0कॉम0/बी0एच0एस–सी/बी0ए0/बी0एस0सी0 चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा (नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी.) की परीक्षायें दिनांक 12 जून 2012 से प्रारम्भ हो रही हैं। बी0कॉम0/बी0एच0एस–सी0/बी0ए0/बी0एस0सी0 तृतीय सेमेस्टर में सम्मिलित ऐसे परीक्षार्थी जिनका परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नहीं किया गया है। उन्हें निम्न निर्देशों के अनुसार अण्डरटेकिंग के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित करायें। तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई पात्र छात्र परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित न रहें :–

1. छात्र से यह अण्डरटेकिंग ली जाये कि यदि वह तृतीय सेमेस्टर परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है तो उसकी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा एवं आवेदन निरस्त कर दिया जाये जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा स्वंय का होगा।
2. यदि छात्र ने चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा से पूर्व के प्रथम सेमेस्टर से तृतीय सेमेस्टर तक की एटीकेटी परीक्षा के दो अवसर प्राप्त करने के उपरांत वह अनुत्तीर्ण हुआ है तो ऐसे छात्रों को चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून 2012 में सम्मिलित न कराया जाये।
3. यदि किसी छात्र की प्रथम सेमेस्टर से तृतीय सेमेस्टर तक कुल चार विषयों से अधिक विषयों में ए.टी.के.टी. है तो ऐसे छात्रों को भी परीक्षा में सम्मिलित न कराया जाये।
4. यदि किसी छात्र का तृतीय सेमेस्टर का अनुचित साधन प्रकरण (UFM) तथा उत्तरपुस्तिका अवलोकन का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ है तो ऐसे छात्रों को भी अण्डरटेकिंग के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित कराया जाये।

सर्व सम्बंधित के सूचनार्थ यह भी सूचित किया जाता है कि तृतीय सेमेस्टर के अनुचित साधन प्रकरण का परिणाम विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. सम्पादक ---------------- की ओर भेजकर निवेदन है कि कृपया उक्त सूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में छात्र हित में समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. उप–कुलसचिव/सहा–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वा0।
3. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. इंचार्ज इंटरनेट, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)